## Headline

1. Dhirendra Shastri : सांसद मनोज तिवारी और मंत्री गिरिराज के साथ MP वाली गाड़ी से आए थे बाबा, लगा जुर्माना
2. Air India : अमेरिका से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हंगामा, व्यक्ति ने पत्नी का गला दबाया
3. जेल से सिसोदिया की चिट्ठी : 'अगर पढ़ गया हर गरीब का बच्चा तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा', CM ने की साझा
4. अंबाला में मिले चाइना मेड ग्रेनेड : पाकिस्तानी सेना कर रही इनका प्रयोग, सीरियल नंबर जम्मू कश्मीर में मिला
5. Karnataka : कांग्रेस ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली का किया था वादा, लोगों ने अभी से बिल भरने से किया इनकार
6. Supreme Court : कौन हैं आंध्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रशांत मिश्रा? सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर ली शपथ
7. Varanasi : वैष्णो देवी में लागू होगा काशी विश्वनाथ धाम का मॉडल, भीड़ प्रबंधन और फूड कोर्ट की भी मिलेगी सुविधा

गुरूगृह गयउ पढन रघुराइ । अलपकाल विद्या सब आई ।।
जाकी सहज स्वास श्रृति चारि । सो हरि पढ यह कौतुक भारि ।।

(मानस आचार्य | राम कथा 917- गांधीनगर, गुजरात | मोरारी बापू)


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 309 | इंदौर, शुक्रवार 19 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


बदनावर में कमलनाथ बोले ...

# शिवराज मुख्यमंत्री नहीं भूमिपूजन मंत्री

## पत्रकार वार्ता में बोले- ईडी और सीबीआई का मुझे कोई डर नहीं, मेरे ऊपर भ्रष्टाचार का दाग नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बदनावर। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ गुरुवार को बदनावर पहुंचे। वह रतलाम रोड पर खेरवास के पास बने वंडर सीमेंट फैक्ट्री के हेलीपैड पर हेलिकॉप्टर से उतरे। उन्होंने यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भूमिपूजन मंत्री बता दिया। पत्रकारों के सवाल पर बोले कि ईडी और सीबीआई का मुझे कोई डर नहीं है। मेरे ऊपर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है।**



कमलनाथ का काफिला पेटलावाद रोड पर तिरुपति गार्डन पहुंचा। उन्होंने जहां मंडलम व सेक्टर के पदाधिकारियों की बैठक लेकर बूथ जितने का मंत्र दिया। कांग्रेस कार्यकतार्ओं की बैठक में कहा कि चुनाव के मात्र कुछ महीने ही बचे हैं। सभी कार्यकर्ता कमर कस कर भाजपा के खिलाफ मोर्चा संभाल लें। कांग्रेस के लिए काम करें। मध्यप्रदेश में हमारी सरकार बनने जा रही है।

### प्रदेश आदिवासी अत्याचार में नंबर वन

कमलनाथ ने यहां प्रेस-वार्ता की। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला, व्यापारी और नौजवान परेशान हैं। प्रदेश की सरकार चौपट हो चुकी है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि चौपट हो चुकी हैं। मध्य प्रदेश बाल अपराध में नंबर वन, मध्य प्रदेश आदिवासी अत्याचार में नंबर वन, आत्महत्या में नंबर वन बन चुका है। अब चुनाव आते ही शिवराज सिंह को किसान, महिला व युवाओं की याद आ रही है। अब वे अपना पाप धोने में लगे हैं। कर्नाटक की कांग्रेस की जीत पर कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक से भाजपा की विदाई का काम शुरू हो चुका है। अब आगामी दिनों में मध्यप्रदेश से विदाई तय है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप इंदौरा, पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार आदि उपस्थित थे।

### सब्जी मंडी में जनसभा को किया संबोधित

कमलनाथ यहां से कृषि उपज मंडी पहुंचे और जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री नहीं भूमि पूजन मंत्री बन चुके हैं। शिवराज सिंह घोषणा वीर मुख्यमंत्री साबित हो रहे हैं। वह सिर्फ घोषणा करते हैं, उनका काम धरातल पर काम नहीं है। मैं वचन देकर काम करता हूं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार को 15 महीने बाद गिराया गया। यह पाप भाजपा ने किया। 2023 के चुनाव में मध्य प्रदेश की जनता इसका करारा जवाब भाजपा को देगी।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। महिलाओं को हर माह 1500 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में 100 यूनिट बिजली माफ रहेगी और 200 यूनिट बिजली हाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों से कांग्रेस को जिताने का संकल्प भी दिलवाया।

### स्थानीय नेता को मिले टिकट

इस मौके पर कांग्रेस के नेता डॉ अभिषेकसिंह राठौर, अभिषेक मोदी, मनीष बोकड़िया, कैलाश गुप्ता, अश्विन पाटीदार, अनूप जायसवाल, कमल सिंह सोलंकी आदि ने कमलनाथ का 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर व बजरंग बली की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इसके पहले युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह बघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह पटेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिनारायण सिंह पवार आदि ने संबोधित कर कांग्रेस को जिताने की अपील की। बदनावर के नेता हरिनारायण सिंह ने मंच से कमलनाथ से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में स्थानीय किसी नेता को ही टिकट दिया जाए।

# लालबाग के सामने शराब की दुकान का निगम ने बनाया चालान

## कचरा फैलाने के कारण लगाया 20000 का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । इंदौर नगर निगम की टीम के द्वारा लालबाग की शराब की दुकान का चालान बना दिया गया है । इस दुकान के संचालक के द्वारा कचरा फैलाए जाने के कारण उस पर 20000 रु का जुमार्ना लगाया गया है ।

नगर निगम की ओर से अब 2 माह बाद होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता की स्थिति को एक बार फिर बेहतर करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है । इसके तहत निगम की ओर से अब कचरा फैलाने वाले गंदगी करने वाले लोगों को चेतावनी देने और समझाई देने का काम किया जा रहा है । चेतावनी के बाद भी किन स्थानों पर कचरा एवं गंदगी फैली हुई मिल रही है , वहां पर चालान बनाने की कार्रवाई को भी अंजाम देना शुरू कर दिया गया है ।

### दुकान के बाहर कचरा फैला हुआ था

इस कड़ी में नगर निगम की टीम को लालबाग की ऐतिहासिक इमारत के ठीक सामने स्थित शराब की दुकान पर पहुंची । दुकान के बाहर शराब पीने वालों के द्वारा रखे गए सामान का कचरा फैला हुआ था । वहां पर बहुत सारी गंदगी भी हो रही थी । एक दुकान के संचालक को 2 दिन पूर्व भी निगम के द्वारा चेतावनी दी गई थी इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ है । ऐसी स्थिति में निगम के द्वारा शराब की दुकान का चालान बना दिया गया । दुकान पर मौजूद महेश जैसवाल के नाम पर चालान की रसीद काटी गई और 20000 का जुमार्ना वसूल किया गया । इसके साथ ही निगम के द्वारा चेतावनी दी गई है कि अब भी यदि सुधार नहीं किया गया तो अगली बार चालान बनाया जाएगा उसमें जुमार्ना भारी-भरकम लगाया जाएगा ।

### उद्योगों पर रखेंगे हर दिन नजर

इसके साथ ही निगम के द्वारा तय किया गया है कि सागर रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित होने वाले उद्योगों पर हर दिन नजर रखी जाएं । जिस भी उद्योग के द्वारा औद्योगिक जल को व्यवस्थित तरीके से निपटान करने के बजाए निगम की लाइन में डालने का काम किया जाए उन पर कार्रवाई की जाएं । कल भी निगम ने एक उद्योग का चालान बनाकर उस पर 50000 का जुमार्ना लगाया था । अब ऐसी कार्रवाई लगातार की जाएगी ।

# बिजली कंपनी के बुजुर्ग उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही डोर टू डोर योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के बुजुर्ग बिजली उपभोक्ता श्री रमेश हो, उमा बारिया या फिर महू क्षेत्र के श्री देवीलाल देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्र के श्री शरीफ भाई हो या रतलाम जिले की श्रीमती लक्ष्मीबाई... इनके जैसे साढ़े सात लाख बिजली उपभोक्ता इस बात से प्रसन्न है कि बिजली कंपनी ने बिल भुगतान के लिए डोर स्टेप सुविधा प्रदान कर रही है। इस सेवा से बुजुर्ग, वयोवृद्ध उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रसन्न है, जिन्हें ज्यादा उम्र के कारण जोन, वितरण केंद्र जाने में परेशानी होती है। उन्हें मोबाइल चलाना भी नहीं आता है।

पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में इंदौर सहित सभी जिलों में डोर टू डोर एप से बिजली बिलों का भुगतान संबंधित पंजीकृत अभिकर्ता घर पहुंचकर प्राप्त करते है। बिल में दर्ज राशि के अतिरिक्त कोई अन्यत राशि नहीं ली जाती है। ली गई राशि की हाथों हाथ ई रसीद भी प्रदान की जाती है। इससे जहां एक ओर अंतिम तिथि या उससे पहले भुगतान घर बैठे ही हो जाने से उपभोक्ता को न तो कनेक्शन कटने का डर सताता है, न हीं उन्हें अधिभार का तनाव होता है। श्री तोमर ने बताया कि शहरों की साथ ही यह सेवा गांवों ज्यादा लोकप्रिय हो रही है। औसत हर माह का साढ़े सात लाख उपभोक्ताओं से हजारों पंजीकृत अभिकर्ता बिल राशि प्राप्त करते है। इससे एक ओर जहां कंपनी को समय पर राजस्व संग्रहण करने में मदद मिल रही है, वहीं समय पर घर बैठे राशि चुकाने से बिजली कनेक्शन कटने और अधिभार से भी निजात मिल रही है। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी उपभोक्ताओं की सुविओं में बढ़ोत्तरी के लिए समय समय पर निर्णय लेती है, आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

# 2003 में विश्व बैंक से लिए गए लोन के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बने मुश्किल हालात

## ● सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े सारे कानून बदल दिए : अशोक राव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **वामपंथी विचारक अशोक राव ने कहा है कि वर्ष 2003 में विश्व बैंक से भारत के द्वारा लिए गए लोन के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के लिए मुश्किल हालात बन गए । सरकार के द्वारा इसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को बदल दिया गया** ।

राव आज यहां अभ्यास मंडल के द्वारा आयोजित 62 मी ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला के छठे दिवस संबोधित कर रहे थे । उनका विषय था सार्वजनिक स्वामित्व वाली संपत्तियों के निजीकरण के खतरे व प्रभाव । विषय की विमांसा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में जब देश के वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह ने जाकर विश्व बैंक से स्ट्रक्चरल एडजस्टमेंट लोन लिया तो उसके बाद में सार्वजनिक क्षेत्र के हालात बदलने लगे । सरकार की ओर से अब सभी सार्वजनिक क्षेत्रों का लाभ और हानि के रूप में उनका आंकलन किया जाने लगा है जबकि हमारे संविधान में यह स्पष्ट तौर पर लिखा हुआ है कि इन सार्वजनिक उपक्रम को लाभ और हानि में नहीं देखा जाएगा । उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा एक - एक करके सारे सेक्टर को निजी क्षेत्र के हाथ में सौपने का अभियान चलाया गया । हमारे देश में आज 90% लोगों की मासिक आय 25000 से कम है और उसी में उन्हें परिवार चलाना होता है । हम यह आसानी से समझ सकते हैं कि मात्र ?25000 में कोई व्यक्ति किस तरह से परिवार का संचालन कर सकता है । वर्तमान में चीन के साथ हमारा चाहे जितना विवाद हो लेकिन यदि हम चीन से आयात को बंद कर दें तो देश में दवाई भी नहीं मिलेगी । देश में दवाई का 60% सामान चीन से ही आता है ।

उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा की पूरी व्यवस्था को निजी क्षेत्र को सौंप दिया है । सार्वजनिक क्षेत्र में कहीं नवोदय स्कूल है, तो कहीं सर्वोत्तम स्कूल है तो कहीं मॉडल स्कूल है । इतने अलग-अलग नाम के स्कूल क्यों हैं ? स्वास्थ्य के क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में डॉक्टर के पास जाते थे तो डॉक्टर हमारा परीक्षण करता था और उसके बाद में दवाई लिखता था । आज स्थिति यह है कि हम डॉक्टर के पास जाते हैं तो डॉक्टर हमारी बात सुनता है और एक कागज पर बहुत सारी जांच करने के लिए लिख देता है । वह कोई परीक्षण नहीं करता है । जब हम जांच कराने के बाद वापस जाते हैं तब भी डॉ जांच की रिपोर्ट को देखता है और उसके आधार पर दवाई लिख देता है । आज का कार्यक्रम अभ्यास मंडल के संस्थापक सदस्य कामरेड बसंत शिंत्रे को समर्पित था । कार्यक्रम का संचालन सुरेश उपाध्याय ने किया । अतिथि को स्मृति चिन्ह पूर्व सांसद एवं पूर्व आयुक्त सीबी सिंह ने भेंट किया । अंत में आभार प्रदर्शन आलोक खरे ने किया ।

# किसानों पर दोहरी मार, पहले बारिश से प्याज की फसल हुई बर्बाद अब एक रुपए किलो में भी खरीदार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पिछले दिनों जिले में हुई बारिश ओर ओलावृष्टि से प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसानों को गेहूं के बाद अब प्याज भी रुला रहा है । बारिश से खेतों में ही प्याज सड़ने लगा था जिसे किसानों ने निकाला । एक तरफ फसल खराब हो गई दूसरी तरफ अब जब उसे मंडी में बेचने के लिए ले जा रहे हैं तो किसानों को एक रूपए किलो भी भाव नहीं मिल रहा है। जिसके चलते किराया भाड़ा भी नहीं मिल रहा है। बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संयुक्त किसान मोर्चा ने गत दिनों मध्य प्रदेश सरकार से मांग की थी कि वह तत्काल फसलों का सर्वे कराकर किसानों को आरबीसी 6 /4 के तहत मुआवजे का वितरण करें। सरकार ने अभी तक इन किसानों को कोई राहत नहीं दी है। संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव ,शैलेंद्र पटेल, लाखन सिंह डाबी ने बताया कि जिन किसानों ने प्याज की बोवनी की थी उनका प्याज खेतों में ही सड़ गया है ।

# सूर्य देव नगर के नागरिक बनाएंगे मंदिर के निर्माण की योजना

## ● अब फिर से मंदिर का निर्माण भव्य स्वरूप में किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर **नगर निगम के द्वारा सूर्य देव नगर में जिस मंदिर को कल तोड़ा गया अब उसका फिर से निर्माण करने के लिए आज नागरिक भी योजना बनाएंगे। अब इस मंदिर का निर्माण भव्य स्वरूप में किया जाएगा** ।

निगम की ओर से कल की गई कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने गुस्से का खुलकर प्रदर्शन किया गया । इन लोगों के साथ क्षेत्र के पार्षद और निगम की एमआईसी के सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू ने भी सुर में सुर मिलाया । वह भी निगम के द्वारा मनमाने तरीके से की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के खिलाफ खड़े हुए थे । अब आज क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा बैठकर इस बगीचे में भव्य मंदिर के निर्माण की योजना तैयार की जाएगी ।

इस बारे में अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए ड्राइंग डिजाइन बनाई जाएगी। ठेकेदार को तय किया जाएगा। फिर भव्य स्वरूप में मंदिर के निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम होगा और उसके साथ में निर्माण शुरू किया जाएगा।

### नागरिकों में भारी आक्रोश

नगर निगम के द्वारा कल की गई कार्यवाही के परिणाम स्वरूप नागरिकों में भारी आक्रोश है । नागरिकों के इस आक्रोश को ठंडा करने के लिए ही महापौर के द्वारा फिर से मंदिर निर्माण किए जाने की घोषणा की गई है । अब नजर केवल इस बात पर है कि कहीं पटेल नगर की तरह यहां पर भी मंदिर निर्माण की घोषणा ठंडे बस्ते में नहीं डाल दी जाए ।

## ● सहकारिता विभाग उपायुक्त तक पहुंची शिकायत

# सहकारिता संस्था कर रही घोटाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सहकारी साख संस्था के द्वारा करोड़ों का घोटाला किया जा रहा है। संस्था के एजेंट (अभिकतार्ओं) के द्वारा इस संबंध में सहकारिता विभाग के उपायुक्त को शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। की गई शिकायत में घोटाले का आरोप लगाते हुए यह भी बताया गया कि हम एजेंट के जरिए लोगों से रुपए जमा करवाने के बाद अब यह रुपए ग्राहकों को वापस नहीं किए जा रहे हैं, वहीं हमारा वेतन भी नहीं दिया जा रहा। मामला अनुदेशक नगर शिव मंदिर के पास, मारूति नगर चौराहा स्थित देवीलाल बाजपेयी सहकारी साख संस्था का है। सहकारिता विभाग के उपायुक्त को संस्था के एजेंट राजकुमार सैनी, रेखा तंवर, प्रेमचंद कुशवाहा, दिनेश कुशवाह, संतोष चौरसिया, दीपक सिंह, मयंक साहू, वैशाली वारे, आशा वारे, रामेन्द्र यादव आदि ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि हम सभी इस संस्था में अभिकर्ता के पद पर कार्यरत है। बाजार से ग्राहकों से रुपए लाकर हमने संस्था में जमा किए, जिसके प्रमाण भी हमारे पास है। पिछले चार महीने से संस्था हमारे ग्राहकों का भूगतान नही कर रही है। इनके द्वारा कई ग्राहकों को चेक दिये गये जोकि बाउंस हो गये जिसके कारण ग्राहक हमारे घर पर आकर गाली-गलोच और धमकियां दी जा रही है, जिससे हमारा पूरा परिवार भयभीत है और मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है।

# इंदौर की 2.63 लाख लाडली बहनों में से 2000 पर आपत्ति

## अब इन आपत्तियों पर सुनवाई के लिए शुरू हो रही है तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **राज्य सरकार की महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना में इंदौर में पंजीकृत की गई 2.63 लाख बहनों में से दो हजार के नाम पर आपत्ति आ गई है । अब नगर निगम के द्वारा इन आपत्तियों पर सुनवाई की तैयारी शुरू की जा रही है** ।

सरकार की ओर से इस योजना की घोषणा किए जाने के साथ ही 23 वर्ष से 59 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं के पंजीयन का अभियान शुरू किया गया था । इस अभियान के दौरान सभी नगर निगम से कहा गया था कि वह नगरीय क्षेत्र में बहुत ज्यादा कोशिश करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं का पंजीयन कराएं । इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर भर में स्थित 85 वार्ड में शिविर लगाकर महिलाओं के पंजीयन का कार्य किया गया । हर वार्ड में दो स्थानों पर शिविर लगाए गए । पूरे शहर में 170 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर के माध्यम से 2.63 लाख महिलाओं का पंजीयन किया गया । उक्त पंजीकृत महिलाओं के नाम की सार्वजनिक सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया था ।

सूची पर ऑनलाइन दावे आपत्ति बुलाने का कार्य किया गया था । इस कार्य मैं इस बार यह प्रावधान किया गया था कि जो भी व्यक्ति किसी के नाम पर आपत्ति लेगा तो उसकी पहचान गोपनीय नहीं रह सकेगी । यह नियम बना दिए जाने के परिणाम स्वरूप यह संभावना जताई जा रही थी कि इस बार बहुत ही कम दावे आपत्ति आएंगे । अब दावे आपत्ति का समय समाप्त हो चुका है । इंदौर शहर में पंजीयन कराने वाली लाडली बहनों में से 2000 के नाम पर आपत्ति आ गई है । अब इन आपत्ति की सुनवाई कर उनका निराकरण करने का काम शुरू किया जाएगा । इसके लिए निगम के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है ।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के इंजीनियर जनार्दन सस्पेंड

## 30 हजार सैलरी वाली लेडी इंजीनियर के मामले में कार्रवाई; ठेकेदार बोला- हम लिव इन में थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की बर्खास्त असिस्टेंट इंजीनियर हेमा मीणा के मामले में नाम आने पर इंजीनियर जनार्दन सिंह को सस्पेंड कर दिया गया। आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त जांच के बाद हेमा पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को जारी जनार्दन के निलंबन आदेश के मुताबिक हेमा उनके अधीनस्थ काम करती थी। ऐसे में हेमा का पर्यवेक्षण करना उनकी ड्यूटी थी, जो उन्होंने ठीक ढंग से नहीं निभाई। इससे विभाग की छवि खराब हुई है।**

दरअसल, 30 हजार रुपए वेतन पाने वाली हेमा मीणा की करोड़ों की संपत्ति चर्चा में है। इस साम्राज्य के पीछे पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के इंजीनियर जनार्दन की कृपा बताई जा रही है। दोनों के करीबी रिश्तों की तो चर्चा पहले से है। जनार्दन की कृपा की तमाम कड़ियां हेमा की प्रॉपर्टी से जुड़ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक हेमा के वेयर हाउस और डॉग फार्म समेत तीन प्रॉपर्टी का निर्माण जनार्दन के जरिये हुआ।

### हेमा और जनार्दन ने कराए तीन प्रॉपर्टी के काम, ठेकेदार का पेमेंट रोका

लोकायुक्त जांच के बीच यह निर्माण करने वाले ठेकेदार अमर पंडित से बातचीत की तो पता चला कि हेमा और जनार्दन ने उनसे तीन प्रॉपर्टी पर काम कराया। जनार्दन रोज फोन कॉल्स और वॉट्सऐप पर इनका अपडेट लेता था, लेकिन निर्माण कार्य का 53 लाख रुपए नहीं दिया। इस संबंध में डीजीपी और सीएम तक जनार्दन और हेमा के नाम से शिकायत की, पर कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, जनार्दन ने इससे इंकार किया है। वह कितना पावरफुल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोकायुक्त को जो शिकायतें मिली हैं, उनमें जनार्दन का भी नाम था, लेकिन अब तक वह जांच के दायरे में नहीं आया है। हालांकि, लोकायुक्त टीम का कहना है कि हम कनेक्शन खंगाल रहे हैं। बातचीत में जनार्दन ने माना है कि हेमा और उसके पारिवारिक रिश्ते हैं। बता दें कि हेमा पहले शंभू नाम के एक पेट्री कॉन्ट्रैक्टर के साथ लिव इन में रहती थी। 2015-16 में शंभू और हेमा के रिश्तों में दरार आ गई। शंभू का आरोप था कि जनार्दन के चलते ही उसका रिश्ता टूटा था।

# डामर की जगह ऑयल, उखड़ी 3 करोड़ की सड़क

## खंडवा-पंधाना रोड के रिन्युअल में भ्रष्टाचार, अफसर का तर्क- नेशनल हाइवे भी उखड़ जाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। 3 करोड़ की लागत से रिन्युअल हो चुकी खंडवा-पंधाना सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। रिन्युअल का काम पूरा हुए महीनाभर भी नहीं हुआ है। सिल्टिया गांव सहित कई जगह काम अधूरा पड़ा है। हाल में ही जिला पंचायत की बैठक में कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने सड़क में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। इस पर जिपं सीईओ ने कमेटी गठित कर दी। जांच के दौरान तकनीकी अफसरों से पता चला कि, डामर की जगह ऑयल मिलाया गया। इससे कदम-कदम पर रोड़ खिसक गई। जबकि, जला हुआ ऑयल सड़क निर्माण में प्रतिबंधित है।**

### अफसर का अजीब तर्क- नेशनल हाईवे भी तो उखड़ जाता

सड़क में भ्रष्टाचार को लेकर जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के कार्यपालन यंत्री (ईई) ह्रदेश आर्य से बात की। इस पर आर्य ने पहले तो कहा कि, ये तो साधारण हाईवे है, इसी हाईवे से लगकर बन रहा नेशनल हाईवे भी तो उखड़ जाता है। उनकी तरह हम लोग भी लगातार सुधार कर रहे है। जल्द ही पूरी सड़क सुधार दी जाएगी।

इधर, सिल्टिया गांव में करीब 300 मीटर इतना टूकड़ा रिन्युअल के दौरान छोड़ दिया गया है। पथरीले रास्ते पर बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से वाहन सवार गिर जाते है।

**घटिया सामग्री**

### रोड खिसकने की वजह डामर की जगह ऑयल

जिला पंचायत की जांच कमेटी में शामिल वार्ड क्रमांक 6 के सदस्य श्रीराम चौधरी (भाजपा समर्थित जिपं सदस्य) बताते है कि, रोड बनने के तत्काल बाद ही उखड़ गई। सदस्यगण से बैठक में मुद्दा उठाया था। जांच दल में हम लोग मौके पर गए तो निर्माण काफी घटिया स्तर का मिला। तकनीकी जानकार कहते है कि, रोड निर्माण में 80 की जगह 60% वाली डामर इस्तेमाल की गई। इसमें भी आधे से ज्यादा जला हुआ ऑयल डाला गया। सड़क से डामर खिसकने का कारण ही ऑयल है। कायदे के मान से ऑयल का इस्तेमाल प्रतिबंधित है। यह प्रमाणिक तथ्य है कि, डामर कभी भी सड़क से खिसकता नहीं है।

### विपक्षी जनप्रतिनिधि बोले- कर्नाटक से ज्यादा कमीशन

जिला पंचायत की बैठक में 3 करोड़ वाली पंधाना रोड के भ्रष्टाचार का सवाल जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता मनोज भरतकर ने किया था। बैठक के दौरान सवाल के जवाब में पीडब्ल्यूडी के अफसर मौन रहे। उस समय ईई की अनुपस्थिति में एसडीओ ने बैठक अटेंड की थी। भरतकर का कहना है कि, मैं जनप्रतिनिधि के साथ पार्टी पदाधिकारी और अधिवक्ता हूं। पंधाना से खंडवा आने के लिए मेरा प्रतिदिन इस सड़क से गुजरना होता है।

सड़क का नवीनीकरण किस पैमाने पर हुआ है, यह मेरे अलावा अफसर भी भलीभांति जानते है। घटिया निर्माण की वजह कमीशनखोरी है। कर्नाटक राज्य में भाजपा वाले 40% कमीशनखोरी करते थे। लेकिन हमारे यहां कमीशन का रेशो 60% है।

# मां ने बॉयफ्रेंड से बेटी का करवाया रेप

### मौसी और नानी ने नहलाते समय 9 साल की बच्ची के कमर के नीचे सूजन देखी, बेटी ने बताई मां की करतूत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** प्यार के लिए एक मां ने अपनी 9 साल की मासूम नाबालिग बेटी को प्रेमी को सौंप दिया। तीन साल छोटे प्रेमी के लिए वह इस कदर पागल थी कि पति और मासूम बच्चों के साथ रहने से भी इंकार करने लगी। अपने दो बच्चों को लेकर वह प्रेमी के साथ भाग गई, जहां आरोपी नाबालिग के साथ हैवानियत करता रहा। मासूम ने मां से शिकायत की तो उसने डरा-धमकाकर उसे चुप करवा दिया। गुरुवार को जिला अस्पताल सतना में बच्ची का मेडिकल करवाया, जहां रेप की पुष्टि हुई है। घटना सतना जिले के ताला थाना क्षेत्र की है। ताला थाना पुलिस ने विहिप और बजरंग दल के विरोध और सतना एसपी आशुतोष गुप्ता के दखल के बाद इस मामले में नाबालिग की मां और उसके प्रेमी परवेज उर्फ शीबू पिता जावेद खान (32) वर्ष निवासी अमहिया रीवा के खिलाफ बुधवार रात को मुकदमा दर्ज किया।

### पत्नी बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ भागी

पुलिस से की शिकायत में पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी को परवेज उर्फ शीबू ने अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। पत्नी गत 18 फरवरी को 9 वर्ष की बेटी और 5 वर्ष के मासूम बेटे को लेकर गायब हो गई थी। परवेज पर संदेह व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।

## नहर में गिरने से 2 की मौत, एक गंभीर

**रीवा।** रीवा जिले के तीन युवक नहर में गिरकर हादसे का शिकार हो गए। पुलिस के मुताबिक रीवा के लौर थाना अंतर्गत सूजी गांव के तीन युवक एक बाइक में सवार होकर सतना के अमरपाटन क्षेत्र में तिलक लेकर जा रहा थे। दावा है कि गोविंदगढ़ के आगे ताला थाने के परसिया नहर में अनियंत्रित होकर गिर गए।

# ढोल-ढमाकों के साथ प्रशासन ने 6 मकानों पर चलाया बुलडोजर

### ● महाकाल की नगरी में दिखा अनोखा नजारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। पुलिस ने गुरुवार को ऑपरेशन क्लीन के तहत कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन बदमाशों के मकान जमींदोज किए। इस दौरान पुलिस ढोल-ढमाके लेकर पहुंची और कार्रवाई से पहले क्षेत्र में मुनादी कराई।**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री और पुलिस डीजीपी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में गुंडे बदमाश और माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत उज्जैन पुलिस द्वारा भी शहर में बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को फिर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ सड़क पर उतर कर कड़ी चेतावनी देते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अधिकारी पुलिस बल,डीजे गाड़ी, ढोल नगाड़े और नगर निगम की टीम को लेकर चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर पहुंचे और बदमाश नीरज सिसोदिया के मकान से अवैध अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम सम्राट नगर निवासी नाहरू उर्फ हुसैन पिता मतीन खां के घर पहुंची और यहां भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद नफीसा पति फाजिल बेग, नईम बेग उर्फ काला पिता फाजिल बेग, भंवरसिंह पिता देवीसिंह, वसीम बंबईया पिता अजीज कोट मोहल्ला, बंटी उर्फ जाकिर पिता गुल मोहम्मद कोट मोहल्ला के भवन के अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नगर निगम से भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक उपस्थित थे।

# भाजपा नेता, पूर्व विधायक ने मंत्री को बताया कमजोर

## राजेन्द्र सलूजा बोले- मैं यह मान लेता हूँ कि मंत्री कमजोर हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुना पहुंचे। इस दौरान हैलीपेड पर व्यवस्था बनाने के लिए फोर्स खड़ी करने की बात पर पूर्व विधायक भड़क गए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नेता से मिलने आये हैं। ये आगे दीवार बना दी, यह ठीक नहीं है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर ये मंत्री इतने कमजोर हो गए हों, तो मैं यह मान लेता हूँ। हमारा नेता तो कार्यकर्तार्ओं के बीच में जाकर मिलता है। मैं तो भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से मिल सकता हूँ।**

बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अल्प प्रवास पर गुना पहुंचे। यहां वह विधायक गोपीलाल जाटव के निवास पर उनसे मिलने के लिए पहुंचे। उनके निवास पर विधायक के पुत्र के आकस्मिक निधन पर उन्होंने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और परिवार वालों को सांत्वना दी। यहां से वह सीधे हैलीपेड पहुंचे और वापस भोपाल के लिए रवाना हो गए। उनके प्रवास के दौरान कई कार्यकतार्ओं ने उनसे कहा कि यहां उनकी सुनवाई नहीं होती। उन्हें केवल जरूरत पड़ने पर ही याद किया जाता है। बाकी समय उनकी कोई नहीं सुनता। पार्षदों ने भी सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की।

### ● पूर्व विधायक ने मंत्री को बताया कमजोर

मुख्यमंत्री के आने का समय हो गया था। इसी बीच मुख्यमंत्री की सिक्योरिटी के लिए लगाए गए गार्ड रस्सी लेकर बैरिकेड के अंदर मौजूद नेताओं के आगे पहुंच गए। वहां उन्होंने नेताओं के सामने एक लाइन बना ली। दूसरी तरफ रस्सी पकड़कर गार्ड खड़े कर दिए गए। इससे ऐसा लगा कि नेताओं को गार्डों ने चारों तरफ से कवर कर लिया। इसी बीच पूर्व विधायक और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सलूजा भड़क गए। उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है। आपने सामने ही दीवार खड़ी कर दी। इसके बाद भी पूर्व विधायक नहीं रुके। उन्होंने कहा कि अगर ये मंत्री इतने कमजोर हो गए हों, तो मैं यह मान लेता हूँ कि मंत्री कमजोर हो गए हैं( इस दौरान पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया उनके एकदम पास ही खड़े हुए थे)। ये तरीका ठीक नहीं है।




**मुझे कोई पूछे कि भजन यानि क्या ?...तो तलगाजरडा एक ही वाक्य कहता है कि 'भरोसा ही भजन है'....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### ● नीलम संजीव रेड्डी



(अंग्रेज़ीः Neelam Sanjiva Reddy, जन्मः19 मई, 1913 - मृत्युः 1 जून, 1996) भारत के छठे राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते है। नीलम संजीव रेड्डी भारत के ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्हें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होते हुए प्रथम बार विफलता प्राप्त हुई और दूसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने पर राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। प्रथम बार इन्हें वी. वी. गिरि के कारण बहुत कम अंतर से हार स्वीकार करनी पड़ी थी। तब यह कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाए गए थे और अप्रत्याशित रूप से हार गए। दूसरी बार गैर कांग्रेसियों ने इन्हें प्रत्याशी बनाया और यह विजयी हुए। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब वी. वी. गिरि को राष्ट्रपति चुनाव जीतने में सफलता प्रदान कराई, तब यह लगा था कि नीलम संजीव रेड्डी ने एक ऐसा मौक़ा गंवा दिया है, जो अब उनकी ज़िन्दगी में कभी नहीं आएगा। लेकिन राजनीति के पण्डितों के अनुमान और दावे धरे रह गए।

## संपादकीय

### पैर पसारने का प्रयास

जम्मू-कश्मीर में पूर्वोत्तर के कई इलाकों में सुरक्षाबलों को पुलिस के साथ तालमेल बना कर काम करने के लिए तैनात किया गया है। मगर जम्मू-कश्मीर का मामला इसलिए ज्यादा संवेदनशील है कि वहां पाकिस्तान का सीधा दखल और दावेदारी है। जम्मू क्षेत्र को कश्मीर की अपेक्षा कुछ शांत माना जाता है, मगर उसके भी जो इलाके सीमा से जुड़े हैं, वहां आतंकी संगठन अपने पैर पसारने का प्रयास करते देखे जाते हैं। जम्मू इलाके से चरणबद्ध तरीके से सेना को हटाने का विचार किया गया था, मगर अब सरकार ने वह फैसला वापस ले लिया है और अनिश्चित काल के लिए सेना की वापसी को टाल दिया है। ऐसा जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किया गया है। पिछले कुछ समय से जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। लक्ष्य बना कर हमले करने, सैन्य ठिकानों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। वहां के डोडा, पुंछ, राजौरी, उधमपुर और बनिहाल जैसे इलाके सीमा पार से आतंकी घुसपैठ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। वहां से अभी सेना की वापसी करना आतंकी मंसूबों को बल प्रदान कर सकता है। इस लिहाज से सरकार का फैसला उचित कहा जा सकता है। हालांकि नागरिक इलाकों में सेना की तैनाती से कई तरह की दुश्वारियां भी पैदा होती हैं। सेना का प्रशिक्षण नागरिक मसलों को सुलझाने या वहां की सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से नहीं होता। उन्हें युद्ध और सरहदी इलाकों में दुश्मन देश पर नजर रखने का प्रशिक्षण होता है। ऐसे में कई बार पुलिस और स्थानीय प्रशासन के साथ उसे तालमेल बिठाने में परेशानी पैदा होती है। उन्हें नागरिकों के साथ पेश आने में व्यावहारिक दिक्कतें आती हैं। इस तरह कई बार सेना पर मानवाधिकार हनन के गंभीर आरोप भी लगते रहे हैं। खासकर जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है और वहां से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत को अस्थिर करने की कोशिशें लगातार तेज हुई हैं। ऐसे में उसे संभालना पुलिस के वश की बात नहीं है। पुलिस का प्रशिक्षण सेना जैसा नहीं होता और न उसकी सूचना प्रणाली उस तरह की होती है, इसलिए सुरक्षा के मामले में उससे अक्सर चूक हो जाती है। फिर, कई बार वहां की स्थानीय पुलिस में कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की निष्ठा संदिग्ध देखी गई है। इसलिए केवल उसके भरोसे सुरक्षा का मामला छोड़ देना खतरे से खाली नहीं होता। इन्हीं तथ्यों के मद्देनजर जम्मू से सेना को न हटाने का फैसला किया गया है।

### Quote...

"या तो जितना कमाने की ताकत हो
उतना खर्च करो या
तो जितना खर्च करने की इच्छा हो
उतना कमाने की ताकत रखो..."

## महिला जगत

# बच्चों का भविष्य संवारने के लिए मां चलाती है रिक्शा, मिलिए दिल्ली की सीता से

**परिवार संभाल रहीं सीता अपने बच्चों को पढ़ाना चाहती थीं। बच्चों की शिक्षा के लिए सीता उन्हे लेकर दिल्ली आ गईं। यहां उन्होंने घरों में खाना बनाने और साफ सफाई करने का काम शुरु किया। इससे मिले पैसों से वह बच्चों की परवरिश करने लगीं।**



दिल्ली में एक महिला सड़कों पर रिक्शा दौड़ाते नजर आ जाती है। यह महिला किसी फिल्म की शूटिंग नहीं कर रही, बल्कि एक रिक्शा चालक के तौर पर काम करती है और अपने परिवार का पालन पोषण करती है। इस महिला का नाम सीता है। सीता का जीवन संघर्षों से भरा रहा। परिवार ने आर्थिक संकट झेला। कम उम्र में शादी हुई तो पढ़ाई भी छूट गई। लेकिन शादी के बाद जब बच्चों की पढ़ाई की बारी आई, तो सीता ने घर की दहलीज पार की और काम करना शुरू किया। पहले घर-घर सफाई और खाना बनाने का काम किया। आज उनके बच्चे कॉलेज में पढ़ते हैं, तो फीस जुटाने के लिए सीता रिक्शा चलाती हैं। आइए जानते हैं दिल्ली की महिला रिक्शा चालक सीता के बारे में।

### ● सीता का पारिवारिक जीवन

सीता एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। सीता ने कक्षा 9 में थीं, तभी उनकी शादी कर दी गई। शादी के समय सीता की उम्र महज 13 साल थी। शादी के बाद पढ़ाई भी छूट गई।

परिवार संभाल रहीं सीता अपने बच्चों को पढ़ाना चाहती थीं। बच्चों की शिक्षा के लिए सीता उन्हे लेकर दिल्ली आ गईं। यहां उन्होंने घरों में खाना बनाने और साफ सफाई करने का काम शुरू किया। इससे मिले पैसों से वह बच्चों की परवरिश करने लगीं।

### ● सीता चलाती हैं ऑटो रिक्शा

हालांकि बड़े हो रहे बच्चों को पढ़ाने के लिए अधिक पैसों की जरूरत थी। उन्होंने इसके लिए ऑटो चलाना शुरू किया। सीता को ऋतु नाम की महिला ने ऑटो चलाने के लिए प्रेरित किया। बाद में सीता ने ऑटो चलाने की ट्रेनिंग भी ली। 40 साल की सीता कालका जी मेट्रो स्टेशन के बाहर ऑटो रिक्शा चलाती दिख जाती हैं। सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक वह ऑटो रिक्शा चलाती हैं। उनके बच्चे फिलहाल कॉलेज में हैं।

सीता की तरह की कई और महिलाएं भी इलेक्ट्रिक ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं और अपने पैरों पर खड़ी हैं।

## Highlights

1. Tsunami warnings issued as massive 7.7-magnitude earthquake hits South Pacific
2. Bajrang Punia shares video of WFI chief saying 'medal is worth just 15', criticises him
3. Professor fails entire class as ChatGPT falsely says students used AI to cheat
4. Rahul called me, said all have to work together: Shivakumar
5. Lenders accuse BYJU'S Alpha of hiding $500 mn in default suit
6. Lack of communication: Tina Dabi after Pak Hindu refugees' homes razed in Jaisalmer

# Paytm, SBI Card and NPCI unveil new RuPay credit card. See details

**NEW DEIHI, (Agency).** One97 Communications Limited, which owns the mobile payment brand Paytm, on Thursday joined hands with credit card issuer SBI Card and the National Payments Corporation of India for what they call it as an initiative for the growth of inclusive, digital first financial services in India. On this occasion, the company launched the Paytm SBI Card on RuPay network.



"India is at the cusp of the next payments revolution where credit will become the mainstream payment choice. Together with SBI Card, Paytm RuPay Credit Card will be a great choice for consumers", Paytm founder and chief executive officer Vijay Shekhar Sharma said at an event in Mumbai.

According to the company, this new card offers exceptional rewards and benefits for the users. The customers can enjoy exclusive privileges worth up to ₹75,000 through a Paytm First membership which includes OTT platform membership and flight ticket discounts through the app.

The Paytm SBI card also offers rewards and savings when used on the Paytm app. The card holders will get a cashback of three per cent on Paytm SBI card when they book movie and travel tickets on the app, two per cent cashback on all other purchases on the Paytm app and one per cent cashback on spends elsewhere.

"We are delighted to take our valuable partnership with SBI Card to the next level with the launch of our innovative co-branded credit cards powered by the indigenous RuPay network, catering to the ever-evolving needs of India's youth and professionals", Bhavesh Gupta, president and chief operating officer, Paytm, said.

"We partnered with Paytm to launch this card with the intent to make credit cards more accessible to young and digitally-evolved customers. Paytm SBI Card has become one of the popular cards in our portfolio and with its launch on RuPay network we are further strengthening product value proposition", Rama Mohan Rao Amara, MD & CEO, SBI Card, said.

NPCI's chief operating officer Praveena Rai said,"Since NPCI's launch of credit card services on UPI, we are constantly working towards providing unique, value-based RuPay credit cards. It is exciting to see RuPay progressively establishing itself as a modern, contemporary, and youthful brand by offering customized value propositions backed by cutting-edge technology."

# Credit card spends outside India will attract 20% TCS: How cardholders may be impacted

**NEW DEIHI, (Agency).** Spending in foreign exchange through international credit cards will be covered under the Reserve Bank of India's liberalised remittance scheme (LRS), under which a resident can remit money abroad up to a maximum of USD 2.50 lakh per annum without the authorisation of the central bank, as per a finance ministry notification.



The ministry on May 16 notified the Foreign Exchange Management (Current Account Transactions) (Amendment) Rules, 2023, to include international credit card payments in the LRS. Any remittance beyond USD 2.5 lakh or its equivalent in foreign currency would require approval from the RBI.

Earlier, the usage of international credit cards (ICCs) for making payments for fulfilling expenses during travel outside India was not included in the LRS limit.

According to the notification, the Finance Ministry, in consultation with the RBI, has omitted Rule 7 of the Foreign Exchange Management (Current Account Transactions) Rules, 2000, thus effectively including forex spending through international credit cards under the LRS.

The Union Budget 2023-24 hiked TCS rates to 20 per cent, from 5 per cent currently, on overseas tour packages and funds remitted under LRS (other than for education and medical purposes). The new tax rates will come into effect from July 1, 2023.

## Uttarpradesh

# मंत्री के बेटे को बेच दिए नकली इंजेक्शन! पत्नी को लगवाने पर ऐसे खुला राज

**आगरा, (एजेंसी)** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के बेटे ने देहली गेट स्थित एक हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर पर नकली इंजेक्शन बेचने का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत पर गुरुवार को ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। ड्रग विभाग ने संबंधित इंजेक्शन की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। शहर के एक नामी अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर से रोजाना मरीज और तीमारदार लाखों रुपये की दवाएं खरीदते हैं। लोगों ने पहले भी शिकायतें की लेकिन ड्रग विभाग सोता रहा। जब कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के बेटे अलौकिक उपाध्याय ने यहां ठगी किए जाने और मरीज के जीवन से खिलवाड़ किए जाने की शिकायत की तो प्रशासन हरकत में आ गया।



कैबिनेट मंत्री के बेटे की शिकायत पर ड्रग विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई की। असल में कैबिनेट मंत्री के पुत्र अलौकिक उपाध्याय अपनी पत्नी के इलाज से जुड़े इंजेक्शन संबंधित मेडिकल स्टोर से खरीद रहे थे। मंत्री पुत्र कई दिन से पत्नी को इंजेक्शन लगवा तो रहे थे मगर फायदा नहीं मिल रहा था। फिर उन्हें जानकारी हुई कि मेडिकल स्टोर से उन्हें नकली दवाएं बेची जा रही हैं तो उन्होंने इसकी शिकायत प्रशासन से कर दी। ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर कई सैंपल जब्त किए हैं और स्टॉक की जांच की जा रही है।

कैबिनेट मंत्री के बेटे अलौकिक उपाध्याय द्वारा कई दिनों से यहां इंजेक्शन खरीदकर अपनी पत्नी को लगवाये जा रहे थे लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा था। इस पर उन्हें शंका हुई और इंजेक्शन लगाने वाले डाक्टर सहित अन्य लोगों से बातचीत की। सलाह लेने के बाद उन्होंने इंजेक्शन खरीद की इनवॉइस और बैच नंबर का मिलान किया तो दोनों अलग-अलग थे।

## Jharkhand

# रात को पति का कत्ल कर सुबह की वट सावित्री पूजा की खरीददारी, कातिल पत्नी का ऐसे हुआ पर्दाफाश



**रांची,** पत्नी ने रात को पति की तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी। मच्छरदानी में शव को लपेटा और पूरी रात वहीं रही। सुबह उठी और वट सावित्री पूजा के लिए सामान की खरीददारी करने बाजार गई। बाजार से लौटी तो दहाड़ें मारकर रोने लगी। कहने लगी कि मैं बाजार गई थी और पीछे से किसी ने मेरे पति की हत्या कर दी। लोग जमा हुए औरर पति की लाश और गम में रोती पत्नी को देख मर्माहत हो गए। लेकिन पुलिस को पत्नी की कहानी और उसके आंसू, दोनों पर शक हो गया। फिर ऐसा खुलासा हुआ कि सबके पैरों तले जमीन खिसक गई। क्राइम पेट्रोल की स्क्रिप्ट सरीखा लगने वाला यह मामला झारखंड की राजधानी रांची के रातू थानाक्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर का है। मिली जानकारी के मुताबिक रातू थानाक्षेत्र के गोविंदपुर में जमीन कारोबारी राजकुमार शाही अपनी पत्नी सोनी देवी के साथ किराए के मकान में रहते थे। 10 वर्ष दोनों ने लव मैरिज की थी। मंगलवार की दोपहर को राजकुमार शाही की लाश खून से लथपथ उनके कमरे में मच्छरदानी में लिपटी हुई मिली। सूचना पर पुलिस पहुंची तो पत्नी ने बताया कि वह वट सावित्री पूजा की खरीददारी के लिए बाजार गई थी। पति को बताकर गई थी। लौटी तो उनकी लाश मिली। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो बाहर से किसी व्यक्ति के आने का चिह्न नहीं मिला। पुलिस को यह समझते भी देर नहीं लगी कि हत्या का जो समय बताया जा रहा है दरअसल, राजकुमार शाही की मौत उससे कई घंटों पहले हो चुकी है। पुलिस ने यह भी कहा कि किसी करीबी ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने शक की बिनाह पर पत्नी सोनी देवी को हिरासत में लिया। पहले तो उसने कहानियां गढ़कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन सख्ती पर टूट गई।

## Uttarpradesh

### जयमाला की थी तैयारी, स्टेज पर पहुंचे सिरफिरे आशिक ने भरी दुल्हन की मांग और फिर...

**गाजीपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में शादी के दौरान अजीब वाकया देखने को मिला. दूल्हा-दुल्हन जब स्टेज पर एक दूसरे को जयमाला पहना रहे थे. उसी दौरान एक सिरफिर युवक वहां पहुंचा और दुल्हन की मांग में सिंदूर भर दिया. मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया. युवक का नाम रामाशीष बताया जा रहा है. यह मामला गाजीपुर के बिरनो थाना क्षेत्र का है. इस मामले पर एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को गाजीपुर के बिरनो थाना क्षेत्र के भवरहा गांव में वरुयी धनेशपुर से बारात आई थी. गाजे बजे के साथ शादी करने आया दूल्हा जब जयमाल की स्टेज पर चढ़ा. कुछ देर बाद दुल्हन भी स्टेज पर आई. जब एक दूसरे को वरमाला डालने का समय हुआ, तो लड़की के गांव का एक युवक रामाशीष राम आया और दूल्हे के सामने ही उसने दुल्हन की मांग में सिंदूर भर दिया. इसके बाद वह मौके से भागने की कोशिश करने लगा. मगर, शादी में मौजूद लोगों ने उसे पकड़ा और उसकी पिटाई कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची.

## Haryana

### रिटायर्ड फौजी से मांगी पांच लाख की रंगदारी, आरोपी ने शराब के ठेके पर छोड़ा धमकी भरा पत्र

**नारनौल (हरियाणा), (एजेंसी)** नारनौल के गांव पवेरा निवासी आर्मी से रिटायर्ड व्यक्ति को पत्र भेजकर 5 लाख की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पत्र को शराब ठेके पर दिया और उक्त व्यक्ति को देने के लिए बोला। इसकी शिकायत पुलिस को दे दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी कर अनुसार पवेरा गांव निवासी अजित ने पुलिस में शिकायत दी है कि वह मार्च 2023 को आर्मी से रिटायर्ड हुआ है और बच्चे सहित गांव पवेरा में रह रहा हूं। सुबह शाम मेहनत व घुमने फिरने के लिए घाटासेर रोड पर जाता हूं। जो आने जाने व आपस में बातचीत करते रहने से घाटासेर रोड पर शराब के ठेके पर सेलमैन विक्रम निवासी गांव काथपुरा बास थाना पनीयाला व जगदीश निवासी छिलरो से जान पहचान है। वह अक्सर उनके पास आता जाता रहता है।

## खेल

# कोहली के शतक के दम पर आरसीबी ने हैदराबाद को हराया

### प्लेऑफ में जगह बनाने से एक जीत दूर

**हैदराबाद, (एजेंसी)** आईपीएल 2023 के 65वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा दिया है। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। इसके जवाब में आरसीबी ने 19.2 ओवर में दो विकेट खोकर 187 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। आरसीबी के लिए अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी फॉर्म में वापसी करते हुए आईपीएल में अपना छठा शतक लगाया। फाफ डुप्लेसिस ने उनका अच्छा साथ दिया और दोनों ने पहले विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की।

इन दोनों की साझेदारी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट से जीत दिलाई। इसके साथ ही आरसीबी की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी जीवंत हैं, जबकि हैदराबाद पहले ही इस दौड़ से बाहर हो चुका है। आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपना आखिरी मैच जीतना होगा और रन रेट के मामले में मुंबई से आगे रहना होगा। दोनों टीमों को एक-एक लीग मैच खेलना है। फिलहाल मुंबई रन रेट -0.128 और आरसीबी का रन रेट +0.180 है।



हेनरिच क्लासेन के 51 गेंदों में बनाए 104 रन की मदद से हैदराबाद ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। बेंगलोर की तरफ से माइकल ब्रेसवेल ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए। जवाब में कोहली और फाफ ने लक्ष्य को आसान बना दिया। दोनों ने टीम के नेट रन रेट को सुधारने के लिए तेजी से रन बनाए और चार गेंद शेष रहते जीत दर्ज की।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बैंगलोर के गेंदबाजों ने हैदराबाद के दो विकेट 28 रन पर गिरा दिए थे। लेकिन वे क्लासेन को उनकी शतकीय पारी खेलने से नहीं रोक पाए। क्लासेन ने मार्करम के साथ तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 76 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंदों में 74 रन की साझेदारी निभाई। हैदराबाद के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों अभिषेक (11), राहुल त्रिपाठी (15) और एडेन मार्करम (18) मिलकर 46 गेंदों में 44 रन बना पाए। क्लासेन हैदराबाद के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने गैर सलामी बल्लेबाज के तौर पर शतक लगाया। क्लासेन ने 49 गेंदों में आईपीएल में अपना पहला शतक लगाया।

## सिनेमा

# ऐश्वर्या राय फर्स्ट लुक में हुई बुरी तरह ट्रोल, हील्स पर टिकी नजर

ऐश्वर्या राय का कान फिल्म फेस्टिवल 2023 फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर उनकी कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। हर साल लोग इस बॉलीवुड ब्यूटी की खूबसूरत तस्वीरों का इंतजार करते हैं। ऐश्वर्या एमराल्ड ग्रीन कलर के शिमरी गाउन में हैं। इस बार उनकी हाई हील्स लोगों को सिंड्रैला की याद दिला रही हैं। वहीं कई लोगों ने उन्हें आउटफिट के सिलेक्शन पर ट्रोल किया। लोगों को ऐश्वर्या उम्रदराज भी लग रही हैं।



कान क्वीन ऐश्वर्या रॉय का 2023 फिल्म फेस्टिवल का फर्स्ट फोटोशूट ट्विटर पर छाया है। उनके फैन पेजज पर कई तस्वीरें आ गई हैं। ऐश्वर्या के लुक को मिले-जुले रिऐक्शंस मिल रहे हैं। उन्होंने ग्रीन कलर का वैलिंटीनो गाउन पहना था। उनके आउटफिट में केप स्टाइल में स्लीव्स हैं। गाउन की लंबाई घुटनों से नीचे और एड़ियों से ऊपर। ऐश्वर्या का मेकअप मैट है और उन्होंने डार्क कलर की लिपस्टिक लगाई है।

फैन्स ने याद आया क्रिसमस

तस्वीरें वायरल होने के बाद ऐश्वर्या के फैन्स उनकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं कई लोगों को उनका लुक पसंद नहीं आया। ऐश्वर्या पहले सिंडरैला लुक में कान जा चुकी हैं। अब उनके सिंडरैला शूज ने लोगों का ध्यान खींचा। Reddit यूजर्स ने ऐश्वर्या को उनके लुक पर ट्रोल किया है। एक ने लिखा है, उन्होंने खुद को क्रिसमस गिफ्ट रैपिंग पेपर से क्यों रैप किया है। एक और ने कमेंट किया है, वह अनुपमा चोपड़ा से भी बूढ़ी लग रही हैं। इतनी प्लास्टिक सर्जरी, बोटोक्स, फिलर्स आपको बूढ़ा दिखाने लगते हैं। कुछ लोगों ने ऐश्वर्या के लुक की तुलना पान से की है। एक कमेंट है कि डिजाइनर जानबूझकर खराब कपड़े देते हैं ताकि चेहरे पर ध्यान न जाए।

# मंदिर में तोड़फोड़, साधु धरने पर बैठे

## आंदोलन और अनशन की चेतावनी के बीच पुलिस फोर्स तैनात

**इंदौर। गांधीनगर और एरोड्रम इलाके में लगे पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मूर्तियां तोडऩे का मामला सामने आया है। घटना गुरुवा-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। इसे लेकर शुक्रवार सुबह से ही हंगामा हो गया।**

मंदिर में सेवा देने वाले साधु-संत धरने पर बैठ गए हैं। मौके पर पहुंचे हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ता और सेन समाज के लोग भी पहुंचे। यहां चल रहे हंगामे के बीच बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया है। मामला सुपर कॉरिडोर से लगे पंचमुखी हनुमान मंदिर का है। मंदिर की गोशाला पिछले दिनों गांधी नगर संस्था से जुड़े लोगों ने तोड़ दी थी। संस्था पदाधिकारियों उसे अपने क्षेत्र में होने के हवाला देते हुए यह कार्रवाई की थी। जिसके बाद गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात यहां मंदिर के अंदर की मूर्तियों में तोडफ़ोड़ की गई।



गुरुवार सुबह मंदिर के रघुनाथ महाराज को जानकारी लगी तो उन्होंने गांधी नगर संस्था पदाधिकारियों पर मंदिर और मूर्ती में तोडफ़ोड़ का आरोप लगाया। घटना की जानकारी लगने के बाद हिंदू जागरण मंच और सेन समाज के लोग भी पहुंचे। सभी ने मूर्तियों से छेड़छाड़ करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### कई थानों का फोर्स पहुंचा

सूचना के बाद शुक्रवार सुबह यहां कई थानों का फोर्स पहुंचा है। यहां प्रशासनिक अफसरों ने मामले में संत रघुनाथ महाराज को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल मामले में हंगाम जारी है।

# दो देशी पिस्टल और मेग्जीन सहित पकड़ाया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत क्राइम ब्रांच अवैध हथियारों के सौदागरों पर पैनी नजर रखे हुए है। इनका पता लगाने के लिए विशेष मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया है। हंडिया हरदा के आरोपी राकेश पिता भगतराम विश्वकर्मा को दो देशी पिस्टल और मेगजीन के साथ गिर तार किया है। सिकलीगरों से लाकर वह ये हथियार किसी को बेचने वाला था। पूछताछ में कुछ अन्य हथियारों के सौदागरों का सुराग मिला है। क्राइम ब्रांच की टीम उनकी तलाश कर रही है।**

क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि एक संदिग्ध देवगुराडय़िा बायपास ट्रैचिंग ग्राउण्ड ओवर ब्रिज के पास अवैध हथियार को बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर राकेश विश्वकर्मा को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो देशी पिस्टल और दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए। आरोपी ये हथियार सिकलीगरों से खरीद कर लाया था और इंदौर में बेचने वाला था। क्राइम ब्रांच पता लगा रही है कि राकेश हथियार कहां से लाया था और इंदौर में किसे देने वाला था। पता चला है कि क्राइम ब्रांच को कुछ सुराग मिले हैं जिनके आधार पर अवैध हथियारबाजों की तलाश की जा रही है।

# ट्रक ने रौंदा, मामा की मौत, भांजा घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लवकुश चौराहे पर गुरुवार को किसान की मौत हो गई। वह 11 वर्षीय भानजे को लेकर जा रहा था। भानजा टक्कर से दूर जा कर गिरा और बच गया। उसे घायल अवस्था में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। इस चौराहा पर तीन साल में 12 लोगों की मौत हुई है।

पुलिस के मुताबिक हादसा लवकुश चौराहा का है। सिंदौड़ी(चंदननगर) निवासी तूफान पुत्र उदयसिंह भानजे नरेंद्र पुत्र जितेंद्र निवासी पालाखेड़ी को लेकर घर जा रहा था। वह जैसे ही लवकुश चौराहा पहुंचा ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। तूफान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 11 वर्षीय नरेंद्र दूर जाकर गिरा। घायल अवस्था में ही उसने एक राहगीर से मदद मांगी और पिता को काल कर बुलाया। जितेंद्र के मुताबिक तूफान का सुबह काल आया था। वह बेटे को चौराहा पर छोड़ कर गया था। तूफान पहले निपानिया जा रहा था, लेकिन इसके पूर्व ही मौत की खबर आ गई। ट्रैफिक पुलिस और बाणगंगा पुलिस के रिकार्ड में लवकुश चौराहा ब्लैक स्पाट के रुप में चिन्हित है। यहां 13 हादसों में 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

# फर्जी साइन कर दिया चेक, मां-बेटे पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने फर्जी साइन चेक देने के मामले में मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार कमलजीतसिंह छाबड़ा की शिकायत पर कुसुम सोगानी और शरद सोगानी निवासी पारसी मोहल्ला के खिलाफ केस दर्ज किया है। कमलजीतसिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनसे रुपए उधार लिए थे। यह रुपए वापस करने में बहाने कर रहे थे। जब दबाव बनाया तो आरोपियों ने कहा कि उनके एक प्लॉट का सौदा होने जा रहा है। उसके रुपए मिलते ही उधार चुका देंगे। इसके बाद आरोपियों ने किसी दूसरे के बैंक अकाउंट का चेक पकड़ा दिया। इस पर फर्जी साइन भी कर दिए। जब बैंक में लगाया तो पता चला कि साइन किसी और के हैं। इसी के चलते चेक बाउंस हो गया। पुलिस अब आरोपी मां-बटे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### रुपए लेकर नहीं करा रहे थे रजिस्ट्री

पहले भी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। आरोपियों ने चौकसे परिवार से प्लॉट का सौदा किया गया था। इसके लिए एडवांस भी ले लिया था। उसकी रजिस्ट्री नहीं करा रहे थे। बाद में पता चला कि आरोपी अकेली ही उस संपत्ति के वारिस नहीं है। उनके अलावा दूसरे भी वारिस हैं। यह बात जानते हुए भी आरोपियों ने सौदा किया और धोखाधड़ी की। इस तरह से आरोपियों ने खिलाफ दो केस दर्ज हो चुके हैं।

## युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** छावनी इलाके के शंकर बाग में रहने वाले 20 साल के अंकित पिता शिवानंद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब शव फंदे पर लटका देखा तो घटना का पता चला। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। अंकित मजदूरी करता था। फिलहाल यह पता नहीं चला है कि किन कारणों के चलते उसने खुदकुशी की है।

## काम करवाया, नहीं दिए रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गार्ड की नौकरी करने वाले करीब आधा दर्जन लोगों से निजी कंपनी के सिक्यूरिटी इंचार्ज ने काम करवा लिया और जब उन्होंने रुपए मांगे तो धमकाने लगा। इस पर वह पुलिस के पास पहुंचे और प्रकरण दर्ज कराया। नागदा का संजय मोहनसिंह चौहान निरंजनपुर देवास नाका में रहता है। वो अप्रैल 2023 से एजिस सिक्योरिटी वेंचर्स प्रा.लि. कंपनी में गनमैन की नौकरी करता है। कंपनी के सिक्यूरिटी इंचार्ज नेपालसिंह हैं। उन्होंने बीस हजार रुपए महीना तनख्वाह देने का कहा था, लेकिन पांच हजार रुपए ही दिए। चौहान ने पता किया तो यहां काम करने वाले कालूसिंह, गौरव कुमावत, राहुल कुमावत, कमलसिंह, राजूसिंह और गोविंदसिंह को भी वेतन नहीं दिया गया था। चौहान कल वेतन मांगने नेपालसिंह के ऑफिस में गया तो उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। लसूडिया पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, युवक पर आरोप

**इंदौर।** लसूडिय़ा थाना क्षेत्र से एक किशोरी का अपहरण हुआ है। मामले में परिजनों ने दूसरे वर्ग के युवक पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर दोनों को तलाश रही है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी के पिता चौकीदारी करते है। किशोरी की उम्र 16 साल है। बुधवार रात वह अचानक लापता हो गई। परिजन ने चार मोबाइल नंबर दिए हैं। एक नंबर परिचित युवक का है, जिससे अक्सर बातें करती थी।

# पुलिस परिवार के बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चे कुछ क्रिएटिविटी के साथ अच्छी एक्टिविटी भी सीखें इसी उद्देश्य से रक्षित केंद्र इंदौर मे पुलिस परिवार के बालक.बालिकाओं के लिए इस समर घर मे बैठकर टाईम पास नहीम थीम पर 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का समापन गुरुवार को पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर के मु य आतिथ्य में किया गया। जिसमें पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर, अति. पुलिस उपायुक्त मनीषा पाठक सोनी, सहायक पुलिस आयुक्त अजय बाजपेयी, सहायक पुलिस आयुक्त डीएस चौहान,रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटिल, प्रतिभागी बालक-बालिकाएं, उनके परिजन तथा अन्य पुलिसकर्मी व पुलिस परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे। 15 दिवस तक आयोजित समर कैंप की जानकारी रक्षित निरीक्षक पाटिल ने देते हुए बताया किए इन 15 दिनों में प्रतिभागी बालक- बालिकाओं को क्रिएटिव आर्ट, पेटिंग, वेस्ट से बेस्ट बनाना आदि, क्रिएटिव एक्टिविटी और विभिन्न फन गे स, स्पोकन इंग्लिश, साइबर अवेयरनेस, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, हैंड राइटिंग इ प्रूवमेंट,डांस एवं फन आट्र्स और विभिन्न खेलों जैसे मलखंब, खो-खो, मार्शल आर्ट, स्केटिंग आदि के बारे में उनके एक्सपट्र्स द्वारा बच्चों को बताते हुए प्रतिदिन कुछ नया सिखाने का प्रयास किया गया। साथ ही बच्चें रचनात्मक चीजों को सीखने के दौरान उन्हें बोरियत न हो इसके लिये उनकी मस्ती और धमाल का भी पूरा ध्यान रखा गया। बच्चों ने इन 15 दिनों में जो भी सीखा उसका उन्होंने प्रदर्शन भी किया।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।